# इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी की फील्ड में आईआईटी इंदौर देश के टॉप-10 में शुमार



**इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर**

**टाइम्स हायर एजुकेशन ने जारी की ग्लोबल रैंकिंग**

टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड रैंकिंग ने दुनियाभर के संस्थानों की ताजा रैंकिंग जारी की है। इसमें आईआईटी इंदौर के नाम एक और उपलब्धि आ गई है। इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में जारी की गई इस रैंकिंग में आईआईटी इंदौर देश के टॉप-10 संस्थानों में शुमार हो गया है। संस्थान का चयन दुनियाभर के 903 संस्थानों में किया गया है और यह 301 से 400 रैंक के बीच में है। संस्थान को ओवरऑल रैंकिंग में 82.7 स्कोर मिला है। यह रैंकिंग संस्थान में पढ़ाए जा रहे विषयों की गुणवत्ता के आधार पर जारी की गई है। इसमें इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, एयरोस्पेस, सिविल, केमिकल और जनरल इंजीनियरिंग विषयों को शामिल किया गया था। इसके पहले ओवरऑल रैंकिंग में भी आईआईटी इंदौर ने देश में सेकंड पोजिशन हासिल की थी।

रैंकिंग में टीचिंग और रिसर्च की सुविधाओं को आधार बनाया गया है। इसमें संस्थान को टीचिंग और रिसर्च के लिए 30-30 प्रतिशत वैटेज दिया गया है। उपलब्धियों के लिए 27.5 प्रतिशत, इंटरनेशनल आउटलुक के लिए 7.5 और इंडस्ट्री से होने वाली कमाई के लिए 5.0 प्रतिशत मिले हैं। संस्थान के डायरेक्टर प्रदीप माथुर का कहना है कि रिसर्च क्षेत्र में बेहतर काम करने से विश्व रैंकिंग में स्थान बना पाए है। संस्थान में रिसर्च सुविधाएं और बेहतर भर्ती प्रक्रिया का पालन होने से संस्थान की रैंकिंग बेहतर हो रही है।

Nai Dunia (Indore), 1st December 2018, Nai Dunia Live, Page-15